UNITY COLLEGE LIBRARY
Date
DIMAPUR : NAGALAND

**Ba/Bc/Hin (MIL)–401**

**2023**

( 4th Semester )

# HINDI

## ( Modern Indian Language )

Paper : HIN (MIL)–401

*Full Marks* : 70   *Pass Marks* : 45%

*Time* : 3 hours

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 45 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 9×2=18

(क) अम्मा दीवार के सहारे टिक सी गई। लालटेन के उजाले में उनकी परछाई काँपती सी लगी। उसने साफ-साफ देखा—अम्मा की पीली-पीली आँखें बरसाती सबेरे की तरह भर गई थीं। जैसे उन्होंने गरीब होना कबूल कर लिया हो और पहली बार जकात लेने वालों की लाइन में अपने आपको खड़ा पा रही थी।

**अथवा**

"जब तक पास में एक बड़ा पद न हो, आज्ञा देने का अधिकार न हो, तब तक मैं क्या कर सकता हूँ? मैं किसी को भी सुख नहीं पहुँचा सकता।"

(ख) मैं तो सबकी सार बात जानता हूँ, कि तुम्हारी महत्त्वाकांक्षा ही इस नरसंहार का, इस भीषण रक्तपात का मूल कारण है। मैं तो एक निस्सहाय विवश व्यक्ति की तरह केवल जूझ पड़ा हूँ। तुम्हारे चक्रांत में मेरे लिए यही पुरस्कार निर्धारित किया गया था।

**अथवा**

कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन भर बँधा यौवन,
नत नयन प्रिय-कर्म-रत मन,
गुरु हथोड़ा हाथ,
करती बार-बार प्रहार,
सामने तरु-मालिका अट्टालिका प्राकार।

**2.** 'कलाकार' कहानी के नायक बहुरूपिया ने साधु वेश धारण करके सेठजी को क्या उपदेश दिया, एवं सेठजी द्वारा दिए गए दौलत को क्या कहकर लौटाया? 9

**अथवा**

'औरंगज़ेब की आखरी रात' एकांकी के आधार पर औरंगज़ेब की मनःस्थिति एवं प्रक्रियाओं का वर्णन कीजिए।

**3.** लेखक ने आगरा के लाल किला के वर्तमान स्वरूप पर अपनी क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की है? 9

**अथवा**

'भिक्षुक' कविता में दिखाए गए भिक्षुक के तीन चित्रों को दर्शाइए।

**4.** अपने शहर में चोरी के बढ़ते वारदात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष को पत्र लिखिए। 9

**अथवा**

मोबाइल द्वारा सेल्फी लेते समय बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने हेतु कठोर नियम लागू करने के संबंध में सम्पादक को पत्र लिखिए।

**अथवा**

आपके महाविद्यालय में आयोजित खेल-कूद प्रतियोगिता का प्रतिवेदन तैयार कीजिए।

★★★

# 2023

( 4th Semester )

## HINDI

( Modern Indian Language )

Paper : HIN (MIL)–401

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 25 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

### SECTION—I

( *Marks* : 5 )

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : 1×5=5

1. 'टूटा पहिया' कविता के कवि का नाम क्या है?

   (क) निराला ( )

   (ख) भवानी प्रसाद मिश्र ( )

   (ग) धर्मवीर भारती ( )

2. "यह बात ठीक कह रही हो बेटी।" यह कथन किसका है?

(क) ज़ीनत ( )

(ख) हकीम ( )

(ग) आलम ( )

3. "शांत हो महाराज। जो हो चुका उस पर शोक करना व्यर्थ है।" यह कथन किसका है?

(क) भीम ( )

(ख) दुर्योधन ( )

(ग) संजय ( )

4. 'अवशेष' निबंध के लेखक कौन हैं?

(क) रघुवीर सिंह ( )

(ख) शरद जोशी ( )

(ग) राजेन्द्र यादव ( )

5. लेखक को किस बात का दर्द सता रहा था?

(क) अपने पैरों पर न खड़ा होने का ( )

(ख) आम चुनाव में न खड़ा होने का ( )

(ग) मित्रों के साथ न खड़ा होने का ( )

## SECTION—II

( *Marks* : 15 )

निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 3×5=15

**1.** **"जनता बड़ी चीज है, सनकी रकम है, न जाने कब, किसको जीता दे।" लेखक ने ऐसा क्यों कहा है?**

2. अंडा बेचने वाली खाला को चलता-फिरता अखबार क्यों कहते थे?

3. दुर्योधन को किस बात का पश्चाताप था?

4. मोती मस्जिद के बारे में क्या जानते हो?

5. इतिहास के तिथिक्रम जोड़ने में 'टूटा पहिया' किस तरह सहायक बनेगा?

## SECTION—III

( *Marks* : 5 )

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3+2=5

1. रस किसे कहते हैं? शृंगार रस का स्थायी भाव क्या है?

**2.** अलंकार किसे कहते हैं? ये कितने प्रकार के होते हैं, नाम लिखिए।

★ ★ ★